हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 21 अगस्त 2025

04 नपा कचरे से खाद बनाकर बढ़ा सकता है आय...



08 सोयाबीन की खराब फसल हाथों में लेकर सड़कों पर...





## खबर संक्षेप

### प्रमोद शर्मा बने बजरंग सेना प्रदेश प्रभारी

**इटारसी।** सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में अग्रणी प्रमोद शर्मा को देश के ख्यातिप्राप्त श्री बजरंग सेना का मध्य प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया गया है। बजरंग सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष हितेश आर विश्वकर्मा के द्वारा शर्मा का नियुक्ति पत्र जारी किया गया है। बता दे कि प्रमोद शर्मा लगातार समाज सेवा के कार्यों में अग्रणी रहते हैं।

### पूर्व सैनिकों की रैली का आयोजन 28 सितंबर को

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम में 28 सितंबर 2025 को पूर्व सैनिकों और विधवाओं की रैली (सम्मेलन) का आयोजन किया जाएगा। उक्त आयोजन जिला सैनिक कल्याण कार्यालय नर्मदापुरम द्वारा साईं कृष्णा रिसोर्ट गार्डन, पहाड़िया के पास नर्मदापुरम में किया जाएगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी नर्मदापुरम द्वारा सभी पूर्व सैनिकों और विधवाओं से अनुरोध किया गया है कि वे उक्त रैली (सम्मेलन) में सम्मिलित होने के लिए अपनी सहमति कार्यालय के कल्याण संयोजक विजय चौहान के मोबाइल नंबर 9454504891 पर 26 अगस्त तक अवगत कराएं। सहमति प्रदान करने से पूर्व सैनिकों की वास्तविक संख्या के अनुसार रैली में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी।

### अवैध अतिक्रमण पर प्रशासन नहीं कर पा रहा है काबू

# समेरिटन्स स्कूल चौराहे पर अतिक्रमण की भेंट चढ़ी यात्रियों के लिए लगाई बैंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम नगर में लगातार रोड किनारे अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है। सब्जी वाले हों, चाट, अंडे, चाय आदि के रोड के किनारे की खाली जगह अथवा चौक चौराहों पर कहीं भी खाली जगह मिलने पर बैखौफ होकर अतिक्रमण किया जा रहा है।

नगर प्रशासन द्वारा उन पर कोई कार्रवाई नहीं हो पाती है। इसका एक जीता जागता उदाहरण शहर के प्रमुख चक्कर रोड स्थित समेरिटन्स स्कूल का चौराहे पर देखने को मिला जहां निर्धारित बस स्टैंड जहां पर नपा ने यात्रियों की सुविधा के लिए बैंचे भी लगाई हुई हैं आज सुबह जब वहां के आसपास के लोगों ने नजरा देखा तो वह आश्चर्य चकित हो गए। बैंचों को कवर करते हुए एक 10 बाई 10 का टप लगा हुआ मिला।

**अतिक्रमण की भेंट चढ़ा चक्कर रोड स्थित समेरिटन्स स्कूल चौराहे पर अतिक्रमणकारियों ने टप रखकर अतिक्रमण कर लिया। हालाकि पार्षद ने इसकी शिकायत नपाध्यक्ष से की है।**



### विद्यार्थी और यात्रियों को होती है परेशानी

आसपास के दुकानदारों और चौक पर व्यवसाय करने वाले तथा वार्ड नं. 11 के पार्षद गनेश बाबरिया आदि ने मिलकर यह पता लगाना चाहा कि टप किसका है पर शाम तक इसकी कोई अधिकृत जानकारी प्राप्त नहीं हो पाई। इस संबंध में स्थानीय निवासी और वहां पर व्यवसाय करने वाले संतोष तोमर ने बताया कि यदि यह टप यहां से नहीं हटता है तो आने वाले वाहनों, यात्रियों सहित स्कूल विद्यार्थियों को असुविधा का सामना करना पाड़ेगा।

### शहर के कई प्रमुख स्थानों पर हैं अतिक्रमण

नगर पालिका प्रशासन द्वारा अतिक्रमण दस्ता तो बनाया गय है जो लगातार कार्य करते हुए भी करते हुए दिखता है। परंतु उसके द्वारा हटाये गये अतिक्रमण कुछ दिनों में पुनः उन्ही स्थानों पर अतिक्रमण हो जाता है। रोजना स्थानीय अखबारों में नगर पालिका के अतिक्रमण दस्ते द्वारा हटाये गये अतिक्रमण की खबरे पड़ते हैं परंतु शहर में अतिक्रमण कम होने की बजाय दिन प्रतिदिन बढ़ते ही जा रहे हैं। शहर के प्रमुख चौराहो जिनमें समेरिटन्स चौराहा, मीनाक्षी चौक तथा सबसे अधिक तो अतिक्रमण सतरास्ते चौराहे पर है जहां चौराहा तो नजर ही नहीं आता है ऐंसा प्रतीत होता है जैसे हाट बाजार लगा हुआ है। शहर के जनप्रतिनिधि भी इस अतिक्रमण को हटवाने की बात तो करते हैं परंतु वास्तविकता में कोई सार्थक परिणाम सामने नहीं आता है।

### हमने नपाध्यक्ष से की शिकायत : पार्षद

वहीं इस टप के रखने से यहा पर बस स्टैंड से बाबई की ओर जाने वाले स्कूल एवं कॉलेज के बच्चे तथा डेली अपडाऊनर्स उन बैंचों पर बैठकर गाड़ियों का इंतजार करते थे परंतु जिस तरह से शहर में बैखौफ होकर लोग अतिक्रमण कर रहे हैं उससे नगर प्रशासन की कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगता है। देखना यह है कि अब नगर प्रशासन कार्रवाई करते हुए इस टप को हटा पाएगा और टप मालिक पर क्या जुर्माना अथवा कार्रवाई होगी। वार्ड नं 11 पार्षद गणेश बाबरिया का कहना है कि हमने इसकी मौखिक शिकायत नगर पालिक अध्यक्ष को कर दी है।

## समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने की योजनाओं की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने समय सीमा की बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि एससी, एसटी एवं ओबीसी छात्रावासों में बच्चों की नियमित जांच और चिकित्सकीय परीक्षण अनिवार्य रूप से कराया जाए। उन्होंने कहा कि शालाओं, छात्रावासों, स्वास्थ्य केंद्रों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण केवल औपचारिकता न हो, बल्कि संस्थाओं में सामने आने वाली वास्तविक समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाए।

कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि संबंधित जिला अधिकारी निरीक्षणकर्ता अधिकारियों की टीप के अनुसार आवश्यक कार्यवाही करें और संस्थाओं में सुधारात्मक कदम तत्काल उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि संस्था निरीक्षण के कार्य को अधिकारी विशेष प्राथमिकता देते हुए संपादित करें।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों द्वारा किए गए निरीक्षण, दर्ज टिप्पणियों और उसके आधार पर किए गए सुधारात्मक कार्यों की गहन समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन अधिकारियों ने अभी तक निरीक्षण नहीं किया है, वे भी शीघ्र प्राथमिकता से आवंटित संस्थाओं का निरीक्षण सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिन छात्रावासों में सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हैं, वहां शीघ्र कैमरे स्थापित किए जाएं। साथ ही स्वास्थ्य केंद्रों के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित पंजियों का अवलोकन और अन्य आवश्यक सुधार सुनिश्चित करें।

समय सीमा की बैठक के दौरान कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने एसीएस बैठक में चिन्हित कार्यवाही बिंदुओं की समीक्षा की। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि बैठक के दौरान चिन्हित बिंदुओं की अद्यतन जानकारी विस्तारपूर्वक परीक्षण के उपरांत सुस्पष्ट एवं संक्षेप में दर्ज करें। उन्होंने कहा कि पोर्टल पर केवल तथ्यपूर्ण एवं वास्तविक जानकारी ही दर्ज की जाए।

किसी भी प्रकार की अपूर्ण जानकारी दर्ज न करे। कलेक्टर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि आगामी दो दिवसों के भीतर सभी कार्यवाही बिंदुओं से संबंधित जानकारी पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज करें। समय सीमा की बैठक के दौरान कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने निराश्रित गौवंश एवं जर्जर भवनों से संबंधित कार्यवाहियों की समीक्षा की।

## लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण कार्यशाला हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोनिया मीना के मार्गदर्शन में मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 में बालकों के संरक्षण में हितधारकों की भूमिका विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन 20 अगस्त को इटारसी में किया गया। कार्यक्रम में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, विधिक सेवा पुलिस विभाग, श्रम विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, बाल देखरेख संस्थाओं के पदाधिकारी, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य, सपोर्ट पर्सन एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, पर्यवेक्षक उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में आशु पटेल बाल संरक्षण अधिकारी द्वारा पास्को एक्ट के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए विभिन्न विभागों के दायित्व एवं प्रकरण के संबंध में अधिनियम अंतर्गत किए गए प्रावधानों की विस्तृत जानकारी उपस्थित प्रतिभागियों को दी। शैलेंद्र कौरव अध्यक्ष बाल कल्याण समिति द्वारा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम अंतर्गत बाल कल्याण समिति की जानकारी दी गई।

## भारत का संविधान केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं बल्कि जीवित आत्मा है : प्राचार्य डॉ चौकसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

संविधान हत्या दिवस के अवसर पर शासकीय नर्मदा कॉलेज में आपातकाल लागू होने की स्थिति में भी मौलिक अधिकारों को स्थगित करना अनुचित है विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्राचार्य डॉ रामकुमार चौकसे ने आपातकाल की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि – भारत का संविधान केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं बल्कि जीवित आत्मा है, जो प्रत्येक नागरिक के अधिकारों और स्वतंत्रताओं की रक्षा करता है। 1975 का आपातकाल हमारे लोकतंत्र के इतिहास का वह दौर था, जब मूल अधिकारों पर अस्थायी रूप से ताला लग गया था। उस अनुभव ने हमें यह सिखाया कि लोकतंत्र की रक्षा में सतर्कता आवश्यक है।₹ उन्होंने आगे कहा कि ₹आज के




युवा विद्यार्थियों का कर्तव्य है कि वे संविधान को केवल पढ़ें ही नहीं बल्कि उसकी आत्मा को समझें और समाज में उसे जीवंत बनाए रखें। न्यायमंडल में डॉ. राजीव शर्मा, डॉ. प्रीति उदयपुरिया एवं डॉ. धर्मेन्द्र कोरी शामिल रहे। वाद विवाद प्रतियोगिता में अनुज सोनी पक्ष में प्रथम जबकि कमल श्रीवास्तव विपक्ष से विजेता रहीं। विभागाध्यक्ष डॉ. अपूर्वा वर्मा ने भी वक्तव्य प्रस्तुत किया ।

## बैठक में मतदाताओं की सुविधा के लिए 1500 से घटकर 1200 करने पर किया गया विचार-विमर्श

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदापुरम राजीव रंजन पांडे की अध्यक्षता में बुधवार को प्रस्तुत मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के प्रस्ताव के संबंध में विचार विमर्श के लिए जिले के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलो के जिला प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। आम आदमी पार्टी से आर०के० जराठे, कासिम अली, धनीराम गौर, बहुजन समाज पार्टी से रतन लाल, रामबाबू बारवे, सदाशिव खातरकर, भारतीय जनता पार्टी मनोहरलाल बडानी, प्रशांत दीक्षित, इंडियन नेशनल कॉंग्रेस से अनोखेलाल राजोरिया, मधूसूदन यादव आदि राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि एवं अधिकारीगण सहित राष्ट्रीय स्तर मास्टर ट्रेनर पंकज दुबे एवं निर्वाचन पर्यवेक्षक कैलाश दुबे उपस्थित रहें। आयोजित बैठक में मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण हेतु भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार मतदाताओं की सुविधा के दृष्टिगत मतदान केन्द्र में मतदाताओं की अधिकतम संख्या 1500 से घटाकर 1200 किये जाने के संबंध में अवगत कराया गया। बैठक के दौरान बताया गया कि जिले में 1200 से अधिक मतदाता वाले 92 तथा 1150 से 1199 तक मतदाता वाले 39 इस प्रकार कुल 131 मतदान केन्द्रों का चिन्हांकन कर जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को सूची उपलब्ध करायी गयी।

## राज्यसभा में गूंजी नर्मदांचल की आवाज, ओबीसी छात्रों के हक़ में बोलीं सांसद माया नारोलिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदांचल की सशक्त प्रतिनिधि और राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने बुधवार को एक बार फिर सदन में अपनी प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराते हुए एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय पर सरकार का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने अन्य पिछड़ा वर्ग ओबीसी के करोड़ों छात्रों और युवाओं से जुड़े एक ज्वलंत मुद्दे को उठाया, जिससे वर्तमान में लाखों छात्र प्रभावित हो रहे हैं। सांसद नारोलिया ने कहा कि केंद्रीय सेवाओं और शैक्षणिक संस्थानों में ओबीसी आरक्षण का लाभ उठाने के लिए हर वर्ष नया जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना




अनिवार्य है। जबकि अन्य वर्ग के उम्मीदवारों के लिए ऐसी कोई शर्त नहीं है। उन्होंने सभापति महोदय से कहा, यह दोहरा मापदंड न केवल अनुचित है, बल्कि इससे लाखों छात्र हर साल अनावश्यक प्रशासनिक झंझटों में फंस जाते हैं। समय, संसाधन और ऊर्जा की बर्बादी होती है। कई बार योग्य उम्मीदवार अंतिम तिथि तक प्रमाण पत्र न बन पाने के कारण अवसरों से वंचित रह जाते हैं। सांसद नारोलिया ने सरकार से मांग की कि OBC वर्ग के लिए भी SC/ST वर्ग की तरह स्थायी जाति प्रमाण पत्र को मान्यता देने की व्यवस्था की जाए। उन्होंने यह भी आग्रह किया कि यदि इस दिशा में कोई प्रक्रिया या प्रस्ताव सरकार द्वारा तैयार किया गया है, तो सदन को इसकी जानकारी दी जाए। और यदि अब तक ऐसा कोई कदम नहीं उठाया गया है, तो सरकार को इस पर शीघ्र निर्णय लेना चाहिए। राज्यसभा में माया नारोलिया की यह पहल देशभर के ओबीसी छात्रों के लिए राहत का मार्ग प्रशस्त कर सकती है।

## मौसम: जिले में अब तक 994.6 मिमी औसत वर्षा हुई दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में एक बार फिर मौसम में जोरदार बारिश हुई। मंगलवार को झमाझम बारिश ने नर्मदांचल को पानी पानी कर दिया वहीं तवा के 5 गेट भी खोले गये। जिले में 1 जून 2025 से आज दिनांक 20 अगस्त को प्रातः 8 बजे तक जिले में 994.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 929.0 मिमी औसत वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 19 अगस्त से 20 अगस्त 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 22.6 मिमी, सिवनीमालवा में 11.0 मिमी, इटारसी में 47.2 मिमी, माखननगर में 32.0 मिमी, सोहागपुर में 8.0 मिमी, पिपरिया में 5.2 मिमी, बनखेड़ी में 9.4 मिमी, पचमढ़ी में 20.2 एवं तहसील डोलरिया 27.2 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है वर्तमान में सेठानी घाट का जलस्तर 938.80 फीट है, तवा जलाशय का 1164.27 फीट है, बरगी जलाशय का 420.25 मीटर एवं बारना जलाशय 347.62 मीटर दर्ज किया गया है।

उल्लेखनीय है सेठानी घाट का अधिकतम जल भराव 967.00 फीट है, तवा जलाशय का अधिकतम जल भराव 1166.00 फीट है, बरगी जलाशय का जल भराव 422.76 मीटर है तथा बारना जलाशय का अधिकतम जल भराव 348.55 मीटर है।

## नपाध्यक्ष और सीएमओ ने किया निर्माणाधीन बस स्टेंड और आडोटोरियम का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगरपालिका द्वारा नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव के नेतृत्व में समूचे नगर में विकास कार्य किए जा रहे हैं। नगर में बन रहे अत्याधुनिक सर्वसुविधायुक्त बस स्टेंड और आडोटोरियम का निरीक्षण नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के साथ ही उपयंत्री दीक्षा तिवारी द्वारा किया गया। इस दौरान दोनों निर्माण कार्यों को समय सीमा में पूरा करने तथा गुणवत्तापूर्ण करने के निर्देश दिए गए। नगरपालिका अध्यक्ष यादव ने बताया कि नगर धार्मिक पर्यटन के रूप में उभर रहा है। लगातार यहां



धार्मिक सैलानियों की संख्या बढ़ती जा रही है। श्रद्धालुओं की संख्याओं को देखते हुए सर्वसुविधायुक्त अत्याधुनिक बस स्टेंड हमारी परिषद द्वारा बनाया जा रहा है। बुधवार को बस स्टेंड का निरीक्षण कर निर्माण एजेंसी को समयसीमा में तथा उच्च गुणवत्तायुक्त कार्य करने के निर्देश दिए हैं। नपाध्यक्ष यादव ने बताया कि यहां के कलाकारों को स्थाई मंच देने के लिए अत्याधुनिक सर्वसुविधायुक्त आडोटोरियम बनाया जा रहा है। नगर सहित जिले भर के कलाकारों के लिए यह एक महत्वपूर्ण सौगात रहेगी। इस भवन के बन जाने से यहां के कलाकार अपनी कला को और अधिक निखार सकेंगे।

## कांग्रेस सेवादल ने पूर्व पीएम स्व. राजीव की जयंती मनाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

कांग्रेस सेवादल जिला अध्यक्ष द्वारा ग्राम पाटनी में स्वर्गीय श्री राजीव गांधी जी की जयंती मनाई गई सर्वप्रथम राजीव जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई उपरांत उपस्थित समस्त कांग्रेस जनों का पुष्प हार पहनकर स्वागत किया।

उपस्थित कांग्रेस जनों ने अपने संबोधन में स्वर्गीय श्री राजीव जी के जीवन पर प्रकाश डाला इस अवसर पर कांग्रेस से सेवा दल जिला अध्यक्ष अमित गुप्ता पूर्व जिला अध्यक्ष पुष्पराज पटेल ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र मुराडिया चौराहेट भारत चौधरी सुमन कुमार चौधरी ग्राम सेदरबाडा ऋतुराज पटेल मुन्ना भैया पटेल ग्राम सागाखेडा खुर्द से रमन शुक्ला जी कमलेश मेहरा पाटनी अशोक दुबे पप्पू राजपूत गौरीशंकर यादव राकेश मोहन राजपूत हिमांशु दुबे मदन यादव ग्राम आदि मौजूद रहे।

### कांग्रेस ने मनाया सद्भावना दिवस, राजीव गांधी को किया याद

## राजीव गांधी ने 18 वर्ष के प्रत्येक युवा को मतदान का अधिकार देकर लोकत्रांत्रिक प्रक्रिया में शामिल किया : कांग्रेस जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व राजीव गाँधी जी का जन्मदिन सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया ततपश्चात नवनियुक्त जिला अध्यक्ष शिवाकांत पाण्डेय गुड्डन भैया का सम्मान किया गया। इस अवसर पर पूर्व जिपं सदस्य चंद्रगोपाल मलैया ने अपने सम्बोधन दिया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक गिरिजाशंकर शर्मा ने उन्हें देश में संचार क्रांति लाने का जनक बताया वहीं नवनियुक्त जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत पाण्डेय ने कहा कि स्व राजीव ने 18 वर्ष कि आयु के युवा को मतदान का अधिकार देकर लोकतांत्रिक प्रकिया में शामिल किया। कार्यक्रम में नगर कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी रश्मि दीक्षित,ज्योति मालवीय, सोनू गक्खर, अरुण दीक्षित, केएस राजपूत, संतोष तोमर, श्याम दुबे, बबलू राठौर, जीजी जोसफ, नसीम कुरैशी, शैलेश शुक्ला, राकेश दुबे, फेजान उल हक, रिजवान खान, विजेंद्र राजपूत, विक्की जमनानी, कुलदीप राठौर, प्रताप ठाकुर, अमित खत्री आदि मौजूद रहे।



### कांग्रेसियों ने किया राजीव गांधी को जयंती पर याद

सोहागपुर। क्षेत्रीय कांग्रेस नेताओं की ओर पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती पर बुधवार को स्मृति सभा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कांग्रेस सोहागपुर नगर अध्यक्ष चौधरी गजेंद्र सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम डॉ. रवि शर्मा के ऑफिस में किया गया। जिसमें वक्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी को भारत देश में कंप्यूटर क्रांति का जनक बताया। कार्यक्रम में पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष पुष्पराज पटेल, चौधरी गजेंद्र सिंह, प्रकाश मालवीय, मोहन कहार, कार्तिक शर्मा, देवांशु शर्मा, इरफान खान, शहीद खान, राजू पटेल, नीरज चौधरी, राधे सरपंच व अन्य कांग्रेसी उपस्थित रहे।



## नर्मदा वैली स्कूल के बच्चों ने ड्राईंग स्पर्धा में जीते पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

विश्व बाघ दिवस के अवसर पर लायंस क्लब द्वारा आयोजित ड्रॉइंग प्रतियोगिता में नर्मदा वैली इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं नगर का नाम गौरवान्वित किया। कक्षा 6 के अद्विक रैकवार ने प्रथम पुरस्कार, कक्षा 8 के तनमय मिश्रा ने द्वितीय पुरस्कार तथा कक्षा 3 के लवित अग्रवाल ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता का विषय सेव टाइगर रखा गया था, जिसमें बच्चों ने बाघ संरक्षण का संदेश देती हुई आकर्षक एवं प्रेरणादायक चित्रकला प्रस्तुत की। विद्यालय के डायरेक्टर मनीष अग्रवाल एवं प्राचार्य इमरान खान ने विजयी बच्चों को हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए उन्हें ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए।



उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा उनकी उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### ट्रक ने मारी टक्कर, एक की मौत

**बैतूल।** बैतूल-इंदौर हाईवे पर मंगलवार देर रात हुए सडक़ हादसे में छिंदवाड़ा जिले के छापा खाना निवासी शेख फारूक (30) की मौत हो गई। हादसे में उनके भाई शानू घायल हो गए। घटना खेड़ी-सांवलीगढ़ के पास हुई। जानकारी के अनुसार, शेख फारूक अपने परिवार के साथ उज्जैन जा रहे थे। उनकी स्विफ्ट डिजायर कार हाईवे पर पंचर हो गई। स्टेपनी बदलते समय तेज रफ्तार ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। इस हादसे में फारूक गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि उनके भाई शानू को मामूली चोट आई। हादसे के बाद घायल परिवार को जिला अस्पताल बैतूल लाया गया। डॉक्टरों ने शेख फारूक को मृत घोषित किया। बताया जा रहा है कि अस्पताल पहुंचने तक उनकी सांसें चल रही थीं। पुलिस के अनुसार, हादसे के समय वहां से कई ट्रक और वाहन गुजरे थे। उनकी तलाश की जा रही है। मृतक अपने परिवार के साथ उज्जैन किसी निजी कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। हादसे से परिवार में शोक का माहौल है। फिलहाल अस्पताल पुलिस चौकी मृतक का पीएम करवा रही है।

### लोकदेवता बाबा रामदेव का जन्मोत्सव 24 अगस्त को

**बैतूल।** ग्राम अंबाडा (पंखा) में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी लोकदेवता बाबा रामदेव का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। यह आयोजन भादो माह के चंद्रदर्शन दूज पर, रविवार 24 अगस्त को होगा। शिक्षक आरडी सूर्यवंशी ने जानकारी दी कि बाबा रामदेव राजस्थान और गुजरात के लोकदेवता माने जाते हैं। उनका जन्म सन 1461 में जैसलमेर जिले के रूणिचा (रामदेवरा) में हुआ था। उन्हें कलयुग का अवतार माना जाता है। बाबा रामदेव सभी धर्मों के अनुयायियों के आराध्य हैं और चमत्कारों के देव कहे जाते हैं। इस वर्ष का कार्यक्रम रविवार की शाम 6 बजे से प्रारंभ होगा। पहले चमत्कारिक ज्योत प्रज्वलित की जाएगी, इसके बाद महाआरती और भोजन प्रसादी का आयोजन होगा। देर रात तक विशेष कलाकारों द्वारा बाबा रामदेव के भजनों की प्रस्तुतियां होंगी। आयोजन की विशेषता यह है कि इसमें छोटे बच्चे, पुरुष, महिलाएं और बुजुर्ग सभी उत्साह से शामिल होते हैं। बाबा की आस्था से जुड़े इस आयोजन में दूर-दराज से भक्त चमत्कारिक ज्योत के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। अंबाडा (पंखा) में होने वाला यह जन्मोत्सव पूरे क्षेत्र में श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना देता है।

### बिजली के खंभे पर झुलसा लाइनमैन

**बैतूल।** मुलताई के हिवरखेड़ गांव में बिजली का काम करते समय एक लाइनमैन गंभीर रूप से झुलस गया। दोपहर करीब ढाई बजे हुए इस हादसे के बाद उसे तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुलताई ले जाया गया। वहां से हालत गंभीर होने पर उसे बैतूल ज़िला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि हिवरखेड ग्राम आष्टा के 28 वर्षीय लोकेश उत्तमराव कुनबी, बिजली के पोल पर चढक़र जम्फर बदलने का काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक करंट लौटकर आने से वह बुरी तरह झुलस गए। हादसे के तुरंत बाद उनके सहकर्मियों और ग्रामीणों ने मिलकर लोकेश को नीचे उतारा। उन्हें तुरंत मुलताई के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बैतूल रेफर कर दिया। ग्रामीणों ने इस हादसे को लेकर बिजली विभाग से सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करने की मांग की है। उनका कहना है कि ऐसे हादसों को रोकने के लिए विभाग को पुख्ता इंतजाम करने चाहिए। लोगों ने विभाग से यह भी मांग की है कि घायल लाइनमैन को बेहतर से बेहतर इलाज मुहैया कराया जाए।

### पिछले 24 घंटे के दौरान 30.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**बैतूल।** जिले की औसत वर्षा 1083.9 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 666.5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 760.5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 20 अगस्त 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 30.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है।

---

ट्रेंचिंग ग्राउंड में निकली खाद नपा बांट रही निशुल्क

# नपा कचरे से खाद बनाकर बढ़ा सकता है आय, लेकिन जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏩ बैतूल



**फाइल नहीं मिली**
अभी मुझे ट्रेंचिंग ग्राउंड की फाइल नहीं मिली है। फाइल मिलने के बाद देखकर ही इस संबंध में कुछ पता पाऊंगा।
**पंकज धुर्वे, सब इंजीनियर, नगरपालिका बैतूल**

नगरपालिका ट्रेंचिंग ग्राउंड पर कचरे की प्रोसेसिंग करवा रही है। इसका बकायदा ठेका भी दिया गया है। प्रोसेसिंग के दौरान जो खाद निकल रही है, उसे खराब बताकर नगरपालिका निशुल्क बंटवा रही है। जानकार कहते है कि अगर नगरपालिका इस खाद को बेचती है तो यह नपा की आय का जरिया बन सकती है। दरअसल शहर के 33 वार्डो से करीब 35 टन कचरा निकलता है।

यह कचरा गौठाना स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड में वर्षो से जमा हो रहा है। जिससे यहां कचरे का ढेर लग गया है। इस कचरे का वैज्ञानिक पद्धति से निष्पादन के लिए वर्तमान में लेगेसी वेस्ट प्लांट का संचालन किया जा रहा हैं। इस दौरान कचरे से बड़ी मात्रा में खाद भी निकल रही है। लेकिन नगरपालिका इसे निशुल्क बंटवा रही है। जानकार बताते है कि प्रोसेसिंग के जरिए केमिकल डालकर आसानी से अच्छी क्वालिटी का खाद इसी कचरे से बनाया जा सकता है। लेकिन नपा अधिकारी इस कार्य में दिलचस्पी नहीं ले रहे है। यहां तक कि खाद की अच्छी क्वालिटी नहीं होने की बात कह रहे हैं।

### 20 प्रतिशत निकलती है खाद

ट्रेचिंग ग्राउंड पर 86 हजार टन कचरा नष्ट करने पर 20 प्रतिशत यानी 17 हजार टन खाद आसानी से बन सकती थी। वहीं कचरे से निकल रहे रिफ्यूज डिराइव्ड फ्यूल का भी नपा उपयोग नहीं कर रही है। नपा के पास पहले ही राजस्व की कमी है, बजट के खजाने खाली हैं यदि इस खाद को बाजार में प्रोसेसिंग करके बेचा जाता तो आसानी से लाखों रूपये की आमदनी हो सकती थी। जानकार बताते है कि आमतौर पर वर्षो तक जमीन में कचरा दबे रहने से 20 प्रतिशत खाद बन जाती है। इस संबंध में कृषि विभाग के अधिकारी कहते है कि कचरे से बनने वाली खाद का उपयोग खेतों में किया जा सकता है, बशर्त है कि खाद की पहले जांच कराई जाये, क्योंकि कचरे में कई हानिकारक एलीमेंट होते है। ऐसे में इस खाद का सीधे खेतों में इस्तेमान किये जाने से मिट्टी की उपजाऊ शक्ति प्रभावित हो सकती है और इसका दुष्परिणाम भी सामने आ सकते है।

### रोजाना निकलने वाले कचरे का लग रहा ढेर

ट्रेचिंग ग्राउंड में, जो प्लांट वर्तमान में संचालित हो रहा है उसके टेंडर केवल 1.35 लाख टन पुराने कचरे के निष्पादन के लिए किए गए हैं। जिसमें से 86 हजार टन कचरा खोदकर बाहर निकाला जा चुका है। इसमें 20 प्रतिशत यानी 17 हजार टन खाद आसानी से बन सकती थी। हालांकि अभी भी ट्रेंचिंग ग्राउंड पर कचरे के 20 से 25 फीट ऊंचे पहाड़ लगे हुए हैं। खोदकर निकाला कचरा भीगने और कीचड़ होने से बदबू और मक्खियों का अंबार लग रहा है। जिससे आसपास के लोग परेशान हैं, इन्हे अभी लंबे समय परेशान होना पड़ सकता है। यदि पूरी तरह प्रोसेस किया जाए तो खाद बिक सकती है।

### 200 रुपए में मिलती है 50 किलो का बैग

बाजार में खाद का 50 किलो का बैग करीब 200 रूपये में बिकता है। यदि नगरपालिका कचरे से निकलने वाली खाद का विक्रय करे तो नगरपालिका को अच्छी खासी आमदनी हो सकती है। लेकिन नगरपालिका इस खाद का निशुल्क वितरण कर रही है। कुछ का मानना है कि जो खाद कचरे से निकल रही है, उसकी थोड़ी बहुत प्रक्रिया के बाद उसे पूरी तरह खाद में परिवर्तित किया जा सकता है। जिससे नपा बेच कर अपनी आय बढ़ा सकती है। लेकिन नपा इसमें तत्व नहीं होने का हवाला दे निशुल्क बांट रही है। जबकि प्रोसेसिंग के जरिए केमिकल डालकर आसानी से अच्छी क्वालिटी का खाद इसी कचरे से बनाया जा सकता है।

**एजेंसियों से बात कर रहे हैं**
ट्रेचिंग ग्राउंड से जो कचरा निकल रहा है उस कचरे को खाद में बदलने के लिए विभिन्न एजंसियों से बात कर प्लानिंग की जा रही है, जिससे नगर पालिका को आय प्राप्त हो सके।
**सतीश मटसेनिया,नपा सीएमओ बैतूल**

---

## अधिकारियों ने किया माध्यमिक शाला पतौवापुरा का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏩ शाहपुर

राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के साथ व्यावसायिक उन्नयन के लिए कार्य कर रही पीपल संस्था से पधारे रितेश राठौर एवं ऐश्वर्य मेडम द्वारा माध्यमिक शाला पतौवापुरा विकासखंड शाहपुर का निरीक्षण किया गया। शाला के प्रधान पाठक आरएन विश्वकर्मा द्वारा उन्हें सभी जानकारी उपलब्ध कराई गई। उनके साथ बीआरसी शाहपुर राधेलाल भादे, बीएसी सुनील कुमार जोठे, शुभांशु गोहे एवं कुंडी संकुल से सीएससी श्रीमती दीपना जगताप भी उपस्थित हुई। उनके द्वारा कक्षा में पढ़ा रहे शिक्षक सहदेव नागले एवं शिक्षिका बरखा सिंघारे की कक्षा का अवलोकन किया गया। बच्चों से टीचर के जुड़ाव एवं बच्चों के पुस्तक से सीखने की प्रक्रिया को देखा गया। उनके पढऩे पढ़ाने की प्रक्रिया भी बहुत अच्छी है। इसके लिए समय-समय पर शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाता है एवं ऑनलाइन दीक्षा एप पर कोर्स राज्य शिक्षा केंद्र के द्वारा उपलब्ध कराए जाते हैं। जिससे शिक्षक कक्षा में अधिक से अधिक छात्रों के साथ सहभागी होते हैं। उनके द्वारा माध्यमिक शाला के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के शैक्षणिक कार्य की सराहना की गई।

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का किया भव्य स्वागत



**शाहपुर।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी शाहपुर पहुंचे, जहां नगर के कांग्रेसियों ने उनका फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। उनके साथ कांग्रेस नेता सुखदेव पांसे, निलय डागा भी नगर शाहपुर पहुंचे थे। भव्य स्वागत करने वालों में पूर्व विधायक ब्रह्मा भलावी, रामदीन हनोते, अंबिका मिश्रा,पप्पू सतीश गुप्ता, बबलू मालवीय, पहलवान सिंह ठाकुर, धर्मेंद्र शुक्ला, मोनू तिवारी, आशीष परसाई, अंकुश मिश्रा, शांतनु तिवारी, आशीष मालवीय, रिंकू वर्मा, उमाकांत वर्मा, कन्हैयालाल घनाकारे, भागचंद घनकारे, संतोष हनोते, संतोष चौरे आदि कांग्रेसियों ने उपस्थित होकर स्वागत किया। इसी संबंध में उन्होंने बताया कि उनकी यह यात्रा किसानों के हक के लिए छिंदवाड़ा में होने जा रहे आंदोलन में सम्मिलित होने जा रहे हैं।

---

आमला विधायक के प्रयासों का दिखेगा असर

## दो वर्षों के भीतर आमला नगर की बदल जाएगी तस्वीर

पीर मंजिल से जनपद तक सीसी रोड, नाली निर्माण व सीएमओ निवास भी बनेगा

हरिभूमि न्यूज ⏩ आमला



स्थानीय विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे के विशेष प्रयासों से जिस तरह नगर में कई बड़ी योजनाओं पर काम पूर्ण हो चुका है, वहीं कुछ शुरू हो चुके हैं तो कुछके निर्माण कार्य शुरू होने वाले हैं। इसको लेकर भाजपाईयों का कहना है कि अब शहर की तस्वीर बदलने वाली है, और इसको लेकर नागरिकों में खुशी भी दिखाई पड़ रही है। भाजपा के जिला महामंत्री प्रदीप ठाकुर ने बताया है कि बीते कुछ वर्षों में जहां करोड़ों रुपए की लागत से सी.एम.राइस स्कूल, शासकीय महाविद्यालय का उन्नयन, संजीवनी हॉस्पिटल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का निर्माण कार्य के अलावा भी शहर में कई सडक़ों और मंचों का कार्य पूर्ण हो चुका है। वर्तमान में नगर पालिका भवन का निर्माण कार्य भी प्रारंभ हो जा चुका है। उन्होंने बताया है कि आज बुधवार को पीर मंजिल से लेकर जनपद चौक तक सीसी रोड और इसके दोनों और नालियां व डिवाइडर, जनपद चौक का सौंदर्यीकरण कार्य का टेंडर निकाला जा चुका है। इसमें इस पूरे इलाके के लिए आधुनिक लाइटिंग की भी व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने विधायक डॉ. पंडाग्रे के सतत प्रयासों की सराहना करते हुए कहा है कि शहर की जनता के मांग के अनुरूप ही शहर में कई विकास कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि लगभग ढाई करोड़ की इस योजना का जो टेंडर आज निकाला गया है, उसमें शहर में पहली बार नगर पालिका अधिकारी का निवास भी बनाया जाना है, उपरोक्त सभी कार्य एक वर्ष के भीतर पूर्ण कर दिए जाएंगे।

इस मौके पर आमला के भाजपा नेता हेमंत विक्की गुगनानी ने बताया है कि विधायक डॉ. पंडाग्रे के प्रयास से शहर के बस स्टैंड पर जल्द ही शहरवासियों के लिए गीता भवन के नाम से एक विशाल परिसर का निर्माण भी शुरू किया जाएगा जिसमें कई नवीन दुकानों का निर्माण कर शहर के लोगों को व्यवसाय के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने शहर को विधायक निधि से मिले कई निर्माण कार्यो को लेकर विधायक का आभार जताया और कहा कि इससे स्थानीय भाजपा संगठन में काफी उत्साहित है। इस मौके पर नगर पालिका के इंजीनियर सुभाष शर्मा ने कहा कि जल्द ही आमला नगर पालिका क्षेत्र में कई जनहितैषी कार्य योजना मूर्तरूप लेने जा रही है।

## सीएमएचओ डॉ हुरमाड़े ने ली समीक्षा बैठक

**बैतूल।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज कुमार हुरमाड़े ने मंगलवार को एनआईसी कक्ष बैतूल में राज्य स्तरीय वीडियो कान्फ्रेंस के बाद समस्त बीएमओ, बीपीएम, बीईई एवं बीसीएम की समीक्षा बैठक ली। सीएमएचओ डॉ मनोज कुमार हुरमाडे ने समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा की एवं कम उपलब्धि वाले राष्ट्रीय कार्यक्रमों में प्रगति लाने के आवश्यक निर्देश दिये। समस्त बीएमओ को अनमोल पोर्टल का डाटा मीटिंग लेकर का सुधारने, सामदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भीमपुर, आमला एवं घो?ाडोंगरी बीएमओ को अनमोल में ब्लड ट्रांसफ्यूजन का डाटा अपडेट करने के निर्देश दिये साथ ही सेहरा, आमला बीएमओ को दस्तक अभियान में तीन दिन में डाटा सुधारने के निर्देश दिये।

सीएम हेल्पलाइन पर ठेका श्रमिकों व स्थानीय युवाओं ने की शिकायत

## प्लांट में कार्य को पेटी पर दिए जाने का विरोध, सौंपा ज्ञापन



**सारणी।** ठेका श्रमिकों द्वारा श्रमिक संगठनों के साथ मिलकर कई बार शोषण के खिलाफ प्रदर्शन किया गया एवं आवेदन दिए गए, मगर सतपुड़ा प्लांट में ठेका श्रमिकों के हालात जस के तस बने हुए हैं। ठेका श्रमिकों एवं श्रमिक संघ के पदाधिकारी द्वारा मुख्य अभियंता को ज्ञापन सौंपकर एस हैंडलिंग प्लांट के ओ एंड एम के कार्य को पेटी पर नहीं देने के लिए मांग की गई थी, परंतु मुख्य अभियंता भी इस विषय पर मौन है। भारतीय मजदूर ठेका श्रमिक संघ के पदाधिकारी राजेंद्र सागर, विनोद भारती, अजय भरपेटे, प्रकाश घाटे, राजेश भारती, चंदन भन्नारे, सुधीर पाल, और संजय यादव ने बताया कि कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर उन्हें अवगत कराया गया कि सतपुड़ा थर्मल पावर प्लांट में कार्य को पेटी पर देने से श्रमिकों का शोषण होता हैद्ध। इसलिए काम को बालाजी एंटरप्राइजेस को पेटी पर नहीं दिया जाए। पिछली बार ओ एंड एम के कार्य में बालाजी कंपनी को पेटी पर कार्य देने के लिए 70 दिन में अप्रूवल जबलपुर से आया था। मगर अब तो बालाजी कंपनी पर श्रमिकों के शोषण का मामला श्रम न्यायालय बैतूल में दर्ज है एवं उक्त कार्य में कार्यरत ठेका श्रमिकों एवं श्रमिक संगठनों द्वारा भी बालाजी इंटरप्राइजेज को पेटी पर कार्य देने के लिए विरोध किया जा रहा है। ज्ञापन भी दिए जा रहे हैं, बावजूद इसके तत्परता दिखाकर 12-13 दिन में जबलपुर मुख्यालय से अप्रूवल ले लिया गया। यह पूरा मामला अब संदेह एवं जांच के घेरे में है। क्षेत्रीय विधायक द्वारा भी ठेका श्रमिकों को आश्वस्त किया गया है कि किसी भी मजदूर को काम से नहीं निकलने दिया जाएगा।

## बिजली विभाग से परेशान ग्रामीण जनता, जिम्मेदार अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏩ शाहपुर




शाहपुर मुख्यालय से लगभग 5 किलोमीटर दूर ग्राम कुंडी में बिजली की स्थिति बहुत खराब है। जब कभी लाइट जाती है, तो पांच-पांच घंटे लाइट नहीं आती। ग्रामीण गोविंद सिंह उईके ने बताया कि इस संबंध में बिजली विभाग के अधिकारियों से बात की, तो अधिकारी उन्हें यह कह कर समझा देते हैं कि बस 5 मिनट में लाइट आ रही है। साथ ही उन्होंने यूरिया नहीं मिलने की जानकारी भी दी। पर्याप्त बिजली नहीं रहने से ग्रामीण जनता परेशान है। क्योंकि ग्रामीण क्षेत्र में मच्छर अधिक है और कृषि कार्य में भी लाइट की अति आवश्यकता होती है। लाइट की समस्या के संबंध में बिजली विभाग शाहपुर के अधिकारी महेंद्र प्रजापत से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि यह क्षेत्र उनके क्षेत्र में नहीं आता है। इसके लिए भौंरा क्षेत्र के अधिकारी से बात करनी पड़ेगी।

---

आधुनिक-उच्चस्तरीय स्वास्थ सेवाओं का मिलेगा लाभः हेमंत खंडेलवाल

# उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने बैठक में दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏩ बैतूल

आदिवासी बाहुल्य बैतूल जिलेवासियों को उच्चस्तरीय, आधुनिक स्वास्थ सुविधाएं मिलने का सपना जल्द ही साकार होने वाला है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल के विशेष प्रयासों से पीपीपी मोड पर बैतूल में स्वीकृत मेडिकल की स्थापना को लेकर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय भोपाल में बुधवार को उच्चस्तरीय बैठक ली। बैठक में उप मुख्यमंत्री ने बैतूल जिले में पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना कार्यों की वृहद समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने बैठक में कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक व्यापक एवं सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना इसी दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने कहा कि जिला चिकित्सालय का प्रशासन एवं नियंत्रण शासन के पास ही रहेगा, वहीं निजी भागीदारी से स्वास्थ्य सेवाओं का सुदृढ़ीकरण, विशेषज्ञ डॉक्टरों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की उपलब्धता, अत्याधुनिक उपकरणों की स्थापना और चिकित्सा शिक्षा का विस्तार सुनिश्चित होगा। उन्होंने विभागीय अफसरों और आरकेडीएफ ग्रुप के प्रतिनिधियों को बैतूल मेडिकल कालेज का कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। बैठक में विशेष रूप से मौजूद भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं विधायक बैतूल हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना से बैतूल जिलेवासियों को आधुनिक और उच्चस्तरीय स्वास्थ सेवाओं का लाभ मिलेगा। बैठक में विधायक भैंसदेही महेन्द्र सिंह चौहान, विधायक मुलताई चन्द्रशेखर देशमुख, प्रमुख सचिव संदीप यादव, आयुक्त तरुण राठी, आरकेडीएफ ग्रुप के चेयरमैन डॉ. सुनील कपूर सहित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी आरकेडीएफ ग्रुप के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### जिला अस्पताल बैतूल का होगा उन्नयन



उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि पीपीपी मॉडल पर स्थापित होने वाले मेडिकल कॉलेज से जिले की स्वास्थ्य सेवाएं सुदृढ़ होंगी। 25 एकड़ भूमि पर विकसित होने वाली इस परियोजना के अंतर्गत जिला अस्पताल बैतूल का उन्नयन कर उसकी क्षमता 300 बेड से बढ़ाकर 675 बेड की जाएगी। साथ ही छात्रों के लिए हॉस्टल एवं स्टाफ के लिए आवासीय परिसर का निर्माण भी किया जाएगा। कैथलैब, सीटी स्कैन, एमआरआई जैसी आधुनिक विशेषज्ञ सेवाएँ उपलब्ध होंगी। जिला अस्पताल में डॉक्टर एवं पैरामेडिकल स्टाफ की उपलब्धता बढ़ेगी जिससे बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान की जा सकेंगी।

### शीघ्र प्रारंभ किया जाए मेडिकल कॉलेज का कार्य

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष, बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने बैठक में कहा कि मेडिकल कॉलेज का कार्य प्राथमिकता पर शीघ्र प्रारंभ किया जाए, ताकि जिले के नागरिकों को आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ समय पर मिल सके। उन्होंने कहा कि यदि स्थानीय स्तर पर कोई समस्या आती है तो उसका समाधान तत्काल शासन-प्रशासन द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा। आरकेडीएफ ग्रुप के चेयरमैन डॉ. सुनील कपूर ने कहा कि निर्माण कार्य एक वर्ष की अवधि में पूर्ण कर लिया जाएगा, ताकि आगामी शैक्षणिक सत्र से एमबीबीएस एवं पीजी पाठ्यक्रम प्रारंभ हो सके।

### यूजी-पीजी पाठ्यक्रम होंगे संचालित

मेडिकल कॉलेज एवं शिक्षण अस्पताल बैतूल की स्थापना राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के दिशा-निर्देशों और निर्धारित मानकों के अनुरूप की जाएगी। आरकेडीएफ समूह जिला चिकित्सालय का उन्नयन कर उसे 675 बेड क्षमता वाले शिक्षण अस्पताल में विकसित करेगा। वर्तमान स्वास्थ्य सेवाओं में कोई व्यवधान उत्पन्न किए बिना अतिरिक्त सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएंगी।

## सद्भावना दिवस के रूप में मनाई पूर्व प्रधानमंत्री स्व.राजीव गांधी की जयंती



**बैतूल।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व.राजीव गांधी की जयंती को पूरे जिले में कांग्रेसजनों ने सद्भावना दिवस के रूप में मनाई। इस अवसर पर जिला मुख्यालय सहित सभी ब्लॉक मुख्यालयों पर श्रद्धांजलि सभाएं हुईं। जिला मुख्यालय पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष निलय डागा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर कांग्रेस जनों ने अपने-अपने क्षेत्र में रक्तदान भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नव नियुक्त कांग्रेस जिला अध्यक्ष निलय डागा ने कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी जी सूचना क्रांति के जनक थे। उन्होंने देश को आधुनिकता और तकनीकी विकास की ओर अग्रसर किया। आज हम जिस कंप्यूटर और सूचना तकनीक के युग में जी रहे हैं, उसकी नींव राजीव गांधी जी ने ही रखी थी। उनका सपना था कि भारत विश्व के विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में खड़ा हो। उन्होंने युवाओं को राजनीति और विकास की मुख्यधारा में जोड़ा। उनका जीवन सद्भावना, एकता और प्रगतिशील विचारों का प्रतीक रहा। पंचायती राज व्यवस्था के माध्यम से गांव-गांव तक लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत किया। वे देश के सबसे युवा प्रधानमंत्री के रूप में सदैव इतिहास में अमर रहेंगे। श्री डागा ने कहा कि राजीव गांधी जी की सोच सदैव प्रगतिशील और भविष्य की ओर देखने वाली रही। उन्होंने सद्भावना और भाईचारे को अपनी राजनीति का आधार बनाया। आज जब हम उनकी जयंती मना रहे हैं, तब हम सभी को यह संकल्प लेना होगा कि समाज में प्रेम, शांति और सद्भाव बनाए रखने के साथ-साथ तकनीकी और शैक्षणिक प्रगति की दिशा में भी आगे बढ़ें।

आगामी त्यौहारी सीजन में जन सुरक्षा के लिए कैमरे लगाने की जनता की मांग

# नगर में कब लगाए जाएंगे सीसीटीवी कैमरे ?, चौक व चौराहे सुविधाविहीन

नगर में सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग नागरिक लंबे समय से कर रहे हैं। लेकिन प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है। अब चूंकि त्यौहारी सीजन शुरू होने को है तो जनता ने पुनः सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग की है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



नागरिकों के अनुसार शहरी क्षेत्र में जब भी कोई अपराध होता है तब जरूर नगर के सभी सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों की आवश्यकता पर चर्चा होती है। लेकिन कुछ दिनों की चर्चाओं के बाद प्रशासन मैदानी काम भूल जाता है और जनता भी गंभीरता से मांग को आगे बढ़ाने से चूक जाती है। बता दें कि कुछ वर्ष पहले नप सोहागपुर की ओर से प्रयास जरूर हुए थे, लेकिन इस सुविधा से अब तक शहरवासी वंचित हैं। सोहागपुर शहर में सीसीटीवी कैमरे लगाने की प्रक्रिया वर्ष 2017 में टेंडर तक पहुंची थी। लेकिन संबंधित कंपनियों द्वारा निर्धारित समय में अमानत राशि जमा नहीं करने के कारण प्रक्रिया टल गई थी। हरिभूमि पड़ताल में ज्ञात हुआ है कि नप ने 27 जुलाई 2017 को सोहागपुर शहरी क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए टेंडर कॉल किये, जिसमें सारणी व भोपाल की कंपनियां शामिल हुई थीं। कंपनियों को नप से निर्देश थे कि तय समय में 20 हजार रुपए अमानत राशि जमा करें। लेकिन कंपनियों ने अमानत राशि जमा नहीं की व प्रक्रिया वहीं रुक गई थी। प्रशासक काल दौरान भी शहर में सीसीटीवी कैमरे लगाने के प्रयास हुए लेकिन सफलता नहीं मिली।

### चला था पत्रों का दौर

01 फरवरी 2017 में सोहागपुर के तत्कालीन थाना प्रभारी राजेंद्र बर्मन ने तत्कालीन नगर परिषद सीएमओ जीएस राजपूत को पत्र लिखा था। पत्र में उल्लेख था कि शहर में लॉ एंड ऑर्डर व्यवस्था, अपराध नियंत्रण व सड़क दुर्घटना की स्थिति में त्वरित कार्रवाई के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाना चाहिए। पत्र क्रमांक 84/17 में बर्मन ने शहर के कुछ स्थानों की सूची भी सीएमओ को भेजी थी। फिर भोपाल के सर्वे दल के साथ बर्मन, राजपूत तथा तत्कालीन नपाध्यक्ष संतोष मालवीय ने शहर भ्रमण कर स्थान चिन्हित किए थे।

### कंट्रोल रूम ने रोकी प्रक्रिया

नप सूत्र बताते हैं कि वर्ष 2017 में सर्वे के बाद शहर में लगाए जाने के लिए कैमरों की संख्या भी तय की गई थी। लेकिन कंट्रोल रूम कहां बने इस सवाल पर आकर प्रक्रिया थम गई थी। पुलिस अधिकारी थाने में कंट्रोल रूम बनाना चाहते थे, जबकि नपाधिकारी निकाय कार्यालय में यह व्यवस्था चाहते थे। जानकारों के अनुसार कंट्रोल रूम थाने में होना बेहतर होगा, क्योंकि यहां चौबीसों घंटे कर्मचारी बने रहते हैं। तथा किसी भी वक्त कोई भी घटना होने पर तत्काल वीडियो फुटेज थाने में देखे जा सकते हैं।

### त्यौहारी सीजन में जरूरत

सोहागपुर के सराफा व्यापारी सौरभ सोनी के अनुसार शहर में सराफा लाइन सहित मुख्य बाजार में सीसीटीवी कैमरे लगाना बहुत जरूरी है। सोनी के अनुसार अब चूंकि त्यौहारी सीजन आने को है और इस दौरान बाजार में ग्राहकों की भीड़ रहती है। इस सीजन में व्यापारियों व ग्राहकों के साथ अप्रिय घटना हो सकती है। अतः सराफा बाजार सहित मुख्य बाजार क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाना अति आवश्यक है। नजनता के अनुसार नप कार्यालय में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। जहां अधिकारी कर्मचारियों पर नजर रखते हैं।

# नहीं करना थी शादी, बनना था जज, इसलिए हुई थी इटारसी से लापता अर्चना, स्टेशन के पहले उतरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



कटनी की जिस अर्चना तिवारी को पूरे देश में तलाश किया जा रहा था, वह नेपाल बॉर्डर पर धनगढ़ी जिला लखीमपुर खीरी उ.प्र में मिली है। वह जज बनना चाहती है और घर वाले उसकी शादी एक पटवारी के साथ करना चाहते थे, परिवार के दबाव से मानसिक रूप से परेशान अर्चना ने ट्रेन से लापता होने का प्लान अपने मित्रों के साथ बनाया था। रक्षाबंधन के लिए इंदौर स्थित हॉस्टल से निकली अर्चना इटारसी तक आयी और अपने एक पुराने क्लाइंट के जरिए अपने एक मित्र के साथ इटारसी से शुजालपुर गयी और वहां से इंदौर और वहां से हैद्राबाद गयी। भोपाल जीआरपी ने मामले का खुलासा किया है। अर्चना ने जीआरपी को बताया कि वह हैदराबाद से दिल्ली गई और दिल्ली से टैक्सी से अपने मित्र सारांश के साथ धनगुढ़ी नेपाल पहुंच गई। धनगुढ़ी से काठमांडू पहुंची, जहां सारांश ने अपने परिचित वायपी देवकोटा से बात कराकर होटल में रुकवाया और सारांश वापस इंदौर आ गया।

कुछ दिन बाद देवकोटा ने उसे एक नेपाल की सिम दिलवा दी थी जिससे में वाट्सअप के माध्यम से सारांश से बात करती रही। इंदौर के सारांश और इटारसी के तेजेंदर ने दोस्त होने के कारण उसकी मदद की थी जिससे में नेपाल तक पहुंची थी। उसने बताया कि वह पूरी तरह से सुरक्षित है। सारांश के माध्यम से पुलिस ने उससे संपर्क किया और बताया कि आपके परिवार वाले बहुत परेशान हैं, वापस आ जाओ। इसके बाद वह काठमांडु से प्लेन से धनगुढ़ी आई और धनगुढ़ी से नेपाल बॉर्डर लखीमपुरी पहुंची जहां पर मध्यप्रदेश जीआरपी पुलिस भोपाल की टीम के साथ में जीआरपी थाना रानी कमलापति आ गई।

### ऐसे हुई थी लापता

अर्चना तिवारी ने बताया कि 07 अगस्त 2025 को ट्रेन 18233 नर्मदा एक्सप्रेस कोच बी-3 बर्थ नंबर 03 पर अपने घर जाने की यात्रा कर रही थी। रक्षाबंधन के कारण घर के लिए रवाना हो गई परंतु मैंने सोच लिया कि मैं घर नहीं जाउंगी और न ही शादी करूंगी, जब तक मैं सिविल जज नहीं बन जाती। उसने रेलवे स्टेशन इटारसी पहुंचने से पहले अपने पुराने क्लाइंट तेजेन्दर सिंह जो पंजाब का रहने वाला है, वर्तमान में इटारसी में रहता हैं उससे मदद मांगी कि मुझे इटारसी उतरकर वापस इंदौर जाना है, फिर अपने दोस्त सारांश को भी फोन लगाकर इटारसी बुला लिया था। तेजेंदर को बताया दिया था कि जहां इटारसी स्टेशन पर कैमरे न लगे हों वहां उतार लेना। तेजेंदर नर्मदापुरम स्टेशन से साथ हो गया। रेलवे स्टेशन के पूर्व उसे ट्रेन से उतारकर तेजेंदर ने दोस्त सारांश के साथ भेज दिया। सारांश के साथ उसकी कार मे बैठकर शुजालपुर आ गई थी। शुजालपुर से इंदौर निकल गई थी इंदौर में घरवालों के आ जाने के डर से हैदराबाद चली गई। 11 अगस्त 2025 को हैदराबाद से दिल्ली पहुंची और दिल्ली से टैक्सी से सारांश के साथ धनगुढ़ी नेपाल पहुंची।

मामले को सुलझाने में उपपुलिस अधीक्षक (रेलवे) रामस्नेह चौहान, निरीक्षक जहीर खान, निरीक्षक संजय चौकसे, निरीक्षक प्रकाश सेन, निरीक्षक बबीता कठेरिया, उप निरीक्षक एमएस सोमवंशी, एएसआई विजय तिवारी, आर डी तेकाम, प्रहलाद यादव, बृजेश, अनंतराम कुशवाह, प्रधान आरक्षक मनोज सिंह कुशवाह, रानू अतुलकर, अनिल सिंह, अजय प्रताप सिंह, अमित तिवारी, रविपंदन प्रजापति, संतोष शुक्ला आदि की भूमिका रही।

# यूरिया खाद वितरण के लिए जारी की सूची में हेरफेर



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

मध्यप्रदेश सरकार के द्वारा किसानों के साथ काफी भेद भाव किया जा रहा है। तथा किसानो को लगातार प्रतिदिन शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकारी परेशान कर रहे हैं। चाहे वह डीएपी एवं यूरिया खाद वितरणके लिए सतपाल पलिया ने बताया कि डबल लाक प्रभारी भारत सिंह निमोदा ने कब किस दिन कितनी टोकन वितरण किया गया किसी को कोई जानकारी नहीं है।

क्योंकि लगभग एक माह बादडीएपी की रेट लगी और अधिकारीके द्वारा 150 टोकन वितरण करने की जानकारी दी गई है। जिसमें सूची चिपका दी गई है।

किसानों ने बताया कि कल दूसरी सूची लगी थी। आज दूसरी कैसे तो सतपाल पलिया पहुंचे और देखा की सूची तैयार कर पुरानी सूची पर नई सूची लगा दी गईहै जिससे किसान गुमराहहो रहा है। किसान लगातार परेशान है। कहीं मूंग का भुगतान नहीं हो रहा है तो कहीं बिल नहीं है। मंगलवार को जनसुनवाई में किसानों ने कच्ची पर्ची बताई कहा कि उनकी पर्ची पोर्टल पर दिखाई नहीं दे रही हे। किसान को परेशान करते हैं। गलत तरीके से वितरण किया जा रहा है।

## अभा युवा गुर्जर महासभा जिला अध्यक्ष बने आदित्य पटेल



**सोहागपुर।** अखिल भारतीय युवा गुर्जर महासभा का सम्मेलन गत दिवस पिपरिया में हुआ। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष सोनू गुर्जर उपस्थित हुए। झालौन ग्राम में भगवान देवनारायण मंदिर में प्रदेशाध्यक्ष ने पूजा की। जिसके बाद पिपरिया स्थित गुर्जर भवन में युवा गुर्जर महासभा सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में गुर्जर समाज के क्षेत्रीय वरिष्ठजनों सहित सक्रिय युवा कार्यकर्ता भी सम्मिलित हुए। सम्मेलन दौरान आदित्य गुर्जर पुत्र छोटे हुजूर गुर्जर निवासी ग्राम गलचा ब्लॉक सोहागपुर को अखिल भारतीय युवा गुर्जर महासभा का नर्मदापुरम् जिलाध्यक्ष घोषित किया गया है।

# भगत सिंह कॉलेज में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

शहीद भगत सिंह महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के तत्वाधानमे वासुदेव कुटुम्ब की अवधारणा पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रचार डॉ राजीव महेश्वरी के दारा प्रेरणादाईउदबोधन वह मां सरस्वती के पूजन के साथ कार्यक्रमका शुभारंभकिया गया प्रचार को स्मृति चिन्ह बैठकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य वक्ता सर्वोदय विद्यापीठ हायर सेकेंडरी के सचालकसाहितयकार लेखक आनंद प्रकाश शर्मा ने कहा कि वसुदेव कुटुंबकम की परंपरा पुरानी है। भारतीय संस्कृति की आत्मा है समस्त मानवता को एकही परिवार करने का संदेश देती है। तत्पश्चात राकेश भार्गनेकहा कि विश्वशाति और सौहार्द तभी संभव है जब सभी एक दूसरे के प्रति करुणा और सहयोग का भाव रखें। कॉलेज केदारा आयोजित की गईपोस्टर प्रतियोगिता में १२ छात्र-छात्राओं नेभाग लिया। प्रथम अमीषा उईके दुसरे हिमेश कुशवाहा संजना अहिरवार तीसरे पर रही। जबकि नृत्य में में तनु पटवा खुशी व्यास ने भाग लिया। इस दौरान डॉक्टर एस के मेहरा एसके बघेल एक राकेश या अनीता सेन अंबिका सिंह कविता सिह कविता नामदेव समस्त स्टाफ उपस्थित रहा संचालन महेंद्र चौकसे ने किया।

## बीएसएनएल की मोबाइल कॉल सेवा बाधित

**सोहागपुर।** क्षेत्र में दो दिन से बीएसएनएल मोबाइल कॉल सेवा पूरी तरह से बाधित है। और बीएसएनएल सिम यूज़र्स बहुत अधिक परेशान हैं। शहरवासियों पवन वर्मा, कमलेश जैन आदि ने बताया कि बीएसएनएल की सिम से ना तो किसी को कॉल हो पा रही है, ना ही इस सिम पर कॉल आ रहे हैं। यदि कोई कॉलर बीएसएनल सिम पर किसी अन्य कंपनी की सिम से फोन लगा रहा है तो पूरी घंटी जाती है। लेकिन बीएसएनएल सिमधारी उपभोक्ता के मोबाइल पर घंटी नहीं बजती है। और उपभोक्ता बहुत अधिक परेशान हैं। स्थानीय स्तर पर बीएसएनएल के कार्यालय में अधिकारियों व कर्मचारियों के समय पर उपलब्ध नहीं रहने के चलते शिकायतें भी नहीं हो पा रही हैं। नागरिकों ने जिला प्रशासन से अपेक्षा की है कि दूरसंचार विभाग के अधिकारियों तक समस्या बाबत सूचना पहुंचाई जाए। ताकि क्षेत्र में सेवा बहाल हो सके।

# विद्युत विभाग के जेई ने घरों में पहुंचका चैक किया वोल्टेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर में रामप्रसाद वार्ड पार्षद आशीष विश्वकर्मा ने विद्युत कंपनी जेई टाउन को वार्ड में वोल्टेज की समस्या की जानकारी दी थी। इसके बाद बुधवार को टाउन जेई विजय धुर्वे ने पार्षद के साथ वार्ड में भ्रमण कर कई घरों के वोल्टेज चेक किए। जिसमें कोई कमी नहीं पाई गई है।

पार्षद आशीष विश्वकर्मा द्वारा बुधवार शाम जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार वार्ड के कुछ लोगों को जानकारी मिली थी कि पार्षद ने बिजली कंपनी को वोल्टेज समस्या सुधार करने की सूचना दी है। जिसके बाद कुछ लोगों ने श्रेय लेने के चक्कर में बिजली कंपनी में ज्ञापन दिया। आशीष विश्वकर्मा के अनुसार कंपनी जेई विजय धुर्वे ने विश्वकर्मा के साथ वार्ड के कई घरों में वोल्टेज जांचा व पंचनामा बनाया। जेई ने बताया कि जांच मदौरान किसी भी घर में वोल्टेज कम नहीं पाया गया है। सभी घरों में सभी बिजली उपकरण चालू कराकर मीटर से जांच की गई, जिसमें पर्याप्त वोल्टेज मिला है। जेई धुर्वे जांच करने ज्ञापन देने वालों के घर भी पहुंचे। तो वे घर पर नहीं मिले और जाच कराने से इंकार कर दिया।

# बंद रहा नर्मदा जल वितरण, नप ने टेंकर से वितरित कराया पानी, नागरिकों मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर




गत तीन दिनों से शहर में नर्मदा जल वितरण प्रभावित है व जनता बहुत परेशान है। प्रभावी एवं सद्कार्य करने के इच्छुक पार्षद अपने-अपने वार्डों में टैंकर के माध्यम से पेयजल मुहैया करा रहे हैं। लेकिन कई पार्षद ध्यान नहीं दे रहे हैं।

नागरिकों ने बताया कि सोमवार को काफी कम मात्रा में नर्मदा जल वितरित हुआ तथा मंगलवार व बुधवार को कई क्षेत्रों में पेयजल वितरण ही नहीं हो सका। जिसके कारण नागरिक बहुत अधिक परेशान हुए। उल्लेखनीय है कि कई वार्डों में मात्र नर्मदा जल ही पेयजल रूप में जनता में वितरित किया जाता है। क्योंकि यहां नप की पुरानी पेयजल लाइन पूरी तरह बंद की जा चुकी है।

कुछ वार्डों के नागरिकों ने अपने पार्षदों की इस बात को लेकर प्रशंसा की है कि उनके मोहल्ले में नगर परिषद के टैंकर के माध्यम से पेयजल वितरित कराया गया। वहीं कुछ नागरिक इस बात से नाराज हैं कि उनके वार्ड पार्षदों ने सूचना के बाद भी इस समस्या समाधान के प्रयास नहीं किये हैं।

जबकि दो दिन से नर्मदा जल का वितरण शहर में प्रभावित है। नागरिकों ने समस्या समाधान की अपेक्षा प्रशासन से की है।

## जिला स्तरीय संगोष्ठी में चयनित हुए सोहागपुर के शिक्षक ठाकुर

**सोहागपुर।** जिला स्तरीय शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन 18 अगस्त को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नर्मदापुरम में किया गया। जिसका विषय 'शैक्षणिक संस्थानों में नवाचार और रचनात्मक को बढ़ावा देना' था। जिसमें जिले में ब्लॉक स्तर पर हुई संगोष्ठियों में चयनित हुए शिक्षक-शिक्षिकाएं जिला प्रतियोगिता में शामिल हुए। प्रतियोगिता की निर्णायक समिति के समक्ष प्रतिभागी रूप में ब्लॉक से चयनित शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपने वक्तव्य दियें। प्रतियोगिता में नर्मदापुरम जिले में प्रथम स्थान सुशील कुमार ठाकुर माध्यमिक शिक्षक विकासखंड सोहागपुर ने प्राप्त किया एवं शिक्षकाओं में यह स्थान उर्षुला बल्लाल ब्लॉक माखन नगर ने प्राप्त किया। अब ये चयनित शिक्षक राज्य स्तरीय शैक्षिक संगोष्ठी भोपाल में जिला नर्मदापुरम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# नपाध्यक्ष चौरे ने किया वार्ड 1 में नाली निर्माण का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने मंगलवार को वार्ड 1 में चल रहेनाली निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान वार्ड पार्षद दिलीप गोस्वामी ने स्थानीय समस्याओं को लेकर चर्चा की और विशेष रूप से तहसील सड़क पर ब्लॉक लगाने की मांग रखी। निरीक्षण के दौरान श्री चोरे ने नाली निर्माण की प्रगति का जायजा लिया और कार्य के गुणवत्ता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, हमारा उद्देश्य वार्ड के प्रत्येक निवासी को बेहतर बुनियादी सुविधाएं प्रदान करना है। नाली निर्माण कार्य को समय पर और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा किया जाएगा। वार्ड पार्षद दिलीप गोस्वामी तहसाल सड़क पर ब्लाक लगाने की मांग को उठाते हुए कहा कि यह सड़क क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है। यहां पर आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों का आना जाना होता है ब्लॉक लगाने से यातायात में भी सुविधा होगी और सडक का चौडीकरण भी हो जाएगा। नपाध्यक्ष ने मांग पर विचार करने का आश्वासन दिया और जल्द ही उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया।


## नगरपालिका अध्यक्ष ने दिए वार्ड 33 में निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने बुधवार दोपहर वार्ड क्रमांक 33 का दौरा किया। उनके साथ पार्षद प्रतिनिधि रमेश धूरिया भी मौजूद रहे। इस दौरान अध्यक्ष चौरे ने वार्ड में निर्माणाधीन पार्क का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वार्ड में बन रही नालियों का भी जायजा लिया। इस मौके पर उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे अपने-अपने चबूतरों को स्वयं हटाएं या फिर नगरपालिका को हटाने दें, जिससे सड़क की चौड़ाई सुनिश्चित की जा सके और विकास कार्य बाधित न हों।इससे पूर्व सुबह नपाध्यक्ष ने मालवीय गंज मुख्य मार्ग स्थित विश्वकर्मा मंदिर के सामने जलभराव की समस्या का समाधान किया।

गोविंद राय कंस्ट्रक्शन कंपनी नपा इटारसी में की जाएगी ब्लैक लिस्टेड

# कायाकल्प योजना में भ्रष्टाचार का शहर भुगत रहा हर्जाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



कायाकल्प योजना में नगर के अंदर हुए भ्रष्टाचारी डामरीकरण की ठेकेदार फर्म गोविंद राय कंस्ट्रक्शन पर नगर पालिका अपना पंजा कसेगी। गोविंद राय कंस्ट्रक्शन कंपनी इटारसी नगरपालिका में ब्लैकलिस्टेड होगी। साथ ही कार्य के दौरान एफडी के रूप में जमा होने वाली राशि राजसात करने की तैयारी नपा कर रही है।

यह अहम फैसले नपा ने ठेकेदार द्वारा नगर में गुणवत्ताविहीन कार्य के विरुद्ध एवं नोटिस के बाबजूद भी सुधार कार्य न करने के चलते लिए है। जल्द ही इन फैसलों पर अमल होता देखा जा सकता है। दरअसल मप्र शासन की कायाकल्प योजना के तहत इटारसी की सड़कों पर डामरीकरण कार्य के लिए पहले चरण में ढाई करोड़ से अधिक राशि का टेंडर निकाला गया था। जिसका कार्य नर्मदापुरम (होशंगाबाद) की गोविंद राय कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा लेकर किया गया है।

टेंडर शर्तों के अनुसार डामरीकरण तीन वर्ष की गारंटी के साथ किया जाना था। याने कि जिस सड़क पर डामरीकरण किया गया है उसमें तीन वर्ष कोई खराबी नहीं आनी चाहिए। ओर अगर इस अवधि में किसी भी प्रकार की खराबी, गड्ढे, डामर उखड़ना जैसी शिकायत मिलती है तो ठेकेदार को उस स्थान पर सुधार कार्य करना है। लेकिन संबंधित फर्म द्वारा इटारसी में घटिया एवं गुणवत्ताविहीन डामरीकरण कार्य करके नपा से राशि प्राप्त कर ली गई। कुछ सड़कों पर तो डामर पहले ही वर्ष में उखड़ गया था, ओर जैसे तैसे जो सड़के पहली बारिश ओर पहला साल ठीक रही वो इस वर्ष गड्ढों में तब्दील हो गई है। कार्य के दूसरे ही वर्ष सड़कों की दयनीय स्थिति ने न सिर्फ ठेकेदार की भ्रष्टाचार युक्त कार्य की पोल खोली है वहीं दूसरी ओर नगरवासियों की दैनिक मुसीबत बढ़ाई है। लोगों का उन सड़कों से निकलना दूभर हो गया है जहां फर्म के द्वारा डामरीकरण किया गया था।

### दो बार दिए नोटिस, अब करेंगे ब्लैकलिस्ट

मामले में नपाध्यक्ष पंकज चौरे ने हरिभूमि को बताया कि ठेकेदार ने तीन साल की गारंटी वाली डामरीकरण सड़क बनाई थी। लेकिन दो सालों में ही कई सड़कों का डामर उखड़ गया ओर गड्ढे उभर आए हैं। दो बार संबंधित ठेकेदार को नोटिस दिया जा चुका है बावजूद वो इसे गंभीरता से नहीं ले रहे। अब नपा उक्त फर्म को स्थाई रूप से ब्लैकलिस्ट करने एवं जमा राशि राजसात करने की कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है।

# गोशाला की जमीन से अतिक्रमण हटाने ग्रामवासियों ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

ग्राम आंचलखेड़ा में ताव पुल पर भूमि जो कि शासकीय भूमि है इसी भूमि पर ग्राम पंचायत आँचलखेड़ा में मनरेगा योजना से गौ शाला स्वीकृति हुई थी लेकिन अतिक्रमण होने के कारण गौ शाला निर्माण नहीं हो पाया जिस के कारण गौवंश रोड पर बैठता है जिस से आय दिन दुर्घटना होती रहती है एवं किसानों की फसल को भी खा जाते हैं इसी भूमि पर अभी भी असामाजिक लोगो द्वारा कब्जा किया हुआ है एवं मजार का निर्माण किया गया है अतिक्रमण हटाने के जी समस्त ग्राम वासी एवं जनप्रतिनिधियों सरपंच आशा घुरेले , जनपद सदस्य राजकुमारी ओमप्रकाश यादव , ग्राम पंचायत सुआखेड़ी सरपंच अनिल कहार के साथ मिलकर ग्राम वासियों ने कलेक्टर को ज्ञापन दिया जल्द से जल्द अतिक्रमण हटाया जाए इस के लिए ज्ञापन दिया गया ग्राम वासी में ग्राम युवा वर्ग सभी स्वयंसेवक भी साथ थे।

**न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश वर्ग एक सुहागपुर तहसील सोहागपुर जिला नर्मदापुरम मध्य प्रदेश श्रीमती संगीता डाबर मौर्य**

**दस्तावेज में नाम में सुधार की घोषणा करने बाबत- जाहिर सूचना**

म. न्या. प्र.प 1/2025 पेशी दिनांक - 29/08/2025

आवेदक : अभय आ. स्व. अजय रघुवंशी उम्र लगभग 30 वर्ष।

निवासी : ग्राम निवारी तहसील सोहागपुर जिला नर्मदापुरम वार्ड क्रमांक 4।

1. सर्वसाधारण
2. श्रीमान न्यायाधीश महोदय नर्मदापुरम मध्य प्रदेश।

प्रति

1. सर्वसाधारण
2. आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अभय आ. स्वर्गीय अजय रघुवंशी निवासी ग्राम निवारी तहसील सुहागपुर द्वारा इस न्यायालय में एक व्यवहार अपने राजस्व रिकॉर्ड स्थित भूमि ग्राम निवारी तहसील सुहागपुर खसरा नं 244/1- 244/2 145/1 - 26/1 - 273 - 64/1 - 73/4 - 25/1 - 60/3 - 215 - 276 मे उसके वास्तविक नाम के स्थान पर अभिषेक पिता अजय सिंह दर्ज हो गया है जबकि वास्तविक नाम अभय रघुवंशी पिता अजय रघुवंशी है।

इस नाम को उपरोक्त राजस्व रिकॉर्ड में सुधरवाने हेतु एक व्यवहार पत्र प्रस्तुत किया है जिसकी आगामी सुनवाई 29-8-2025 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति या संस्था को आवेदक के इस प्रकरण से आपत्ति है तो यह आपत्तिकर्ता इस प्रकरण में अपना पक्ष रखना चाहता हो तो पेशी दिनांक 29-8-2025 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में निर्धारित समय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहने की स्थिति में प्रकरण की सुनवाई एकपक्षिय की जाकर प्राकरण का निराकरण किया जाएगा।

नोट - यदि किसी कारणवश न्यायालय अवकाश पर रहे तो आगामी कार्य दिवस पर इस प्रकरण की सुनवाई होगी। यह आज तारीख 30 July 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**न्यायाधीश श्रीमती संगीता डाबर मौर्य
सिविल जज सीनियर डिवीजनल सोहागपुर जिला नर्मदापुरम।**

## खबर संक्षेप

### पिछले 24 घंटों में जिले में 29.1 मिमी औसत वर्षा

**हरदा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 29.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 13.2 मि.मी., टिमरनी में 54.2 मि.मी., खिरकिया में 12.2 मि.मी., सिराली में 58 मि.मी. तथा रहटगांव में 8 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 760.2 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 650 मि.मी., टिमरनी में 962 मि.मी., खिरकिया में 838.9 मि.मी., सिराली में 697.7 तथा रहटगांव में 652.5 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 20 अगस्त तक 663 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी।

### हरदा डिस्ट्रिक्ट रेपिड चेस टूर्नामेंट 24 को

**हरदा।** जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा डिस्ट्रिक्ट रेपिड चेस टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। ब्लाक समन्वयक सलमा खान ने बताया कि यह टूर्नामेन्ट 24 अगस्त को प्रातः 9 बजे से द फाउण्डेशन ऑफ एजुकेशन स्कूल, छीपानेर रोड़ हरदा में आयोजित किया गया है। टूर्नामेन्ट में कलेक्टर सिद्धार्थ जैन मुख्य अतिथि तथा पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे। टूर्नामेन्ट में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी 23 अगस्त शाम 7 बजे तक अपना पंजीयन करा सकते हैं।

### पूर्व सैनिकों की रैली 28 सितंबर को

**हरदा।** जिला सैनिक कल्याण बोर्ड द्वारा 28 सितम्बर को साई कृष्णा रिसोर्ट गार्डन, पहाड़िया के पास नर्मदापुरम में पूर्व सैनिकों की रैली का आयोजन किया गया है। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी अनुराग सक्सेना ने सभी पूर्व सैनिकों से अनुरोध किया है कि रैली में सम्मिलित होने के लिये अपनी सहमति कार्यालय के कल्याण संयोजक विजय सिंह के मोबाइल नम्बर 9454504891 पर 26 अगस्त तक अवगत कराएं।

### महिला किसानों ने चेतावनी देते हुए कहा यदि फसल बीमा राशि नहीं मिली तो आंदोलन जारी रहेगा

# सोयाबीन की खराब फसल हाथों में लेकर सड़कों पर उतरीं महिलाएं, बीमा दो..बीमा दो..के लगाए नारे

*पिछले पांच वर्षों से सोयाबीन की फसल लगातार खराब हो रही है, लेकिन इसके बावजूद बीमा कंपनियों ने उन्हें एक पैसा तक मुआवजा नहीं दिया।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

ज़िले के कई गांवों की सैकड़ों ग्रामीण महिलाएं हाथों में खराब सोयाबीन की फसल और तख्तियां लेकर लंबी रैली में शामिल हुईं। महिलाओं ने बीमा कंपनी और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारे लगाए। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले पांच वर्षों से सोयाबीन की फसल लगातार खराब हो रही है, लेकिन इसके बावजूद बीमा कंपनियों ने उन्हें एक पैसा तक मुआवजा नहीं दिया।

किसान और समाजसेवी एमएस मेवाड़ा में बताया कि ग्राम मोहाली छोटी, ग्राम बडवेली, ग्राम सेवनिया,ग्राम संग्रामपुर, ग्राम लसूरिया खास, ग्राम रसुरलिया धाकड़ ,ग्राम छापरी कला, ग्राम चंदेरी, ग्राम रामा खेड़ी ग्राम कुलान्स खुर्द,कुलान्स कला, ग्राम



टीला खेड़ी, ग्राम बोरखेड़ी, ग्राम कोठरी,ग्राम नंदिनी ऐसे तीन जिलों के किसान लोग बीमा राशि को लेकर के मांग कर रहे हैं। किसानों को पिछले 5 सालों से सोयाबीन की फसल खराब होने के बाद भी बीमे की राशि नहीं मिली है।

**बीमा राशि नहीं मिली तो आंदोलन जारी रहेगा :** किसान महिलाओं ने चेतावनी दी है कि जब तक उन्हें बीमा राशि नहीं मिलती, तब तक उनका आंदोलन इसी तरह चलता रहेगा। महिलाएं सड़क पर बैठकर धरना दे रही हैं और प्रशासन को घेरने की तैयारी में हैं। उनका कहना है कि बीमा के नाम पर केवल वसूली होती है, लेकिन जब फसल खराब होती है तो कंपनियां जिम्मेदारी से पीछे हट जाती हैं।

#### एक दर्जन गांव की महिलाएं उतरीं सड़क पर

ग्राम टीला खेड़ी, बोरखेड़ी, नंदिनी, कोठरी, जीवनलाल, लोहापठार, रामाखेड़ी, छापरी कला, लसूडिया खास, लहसु धाकड़, संग्रामपुर, चंदेरी, भोजनगर और ढाबला सहित करीब एक दर्जन गांव की महिलाओं ने एकजुट होकर सड़क पर उतरकर प्रशासन को चेताया।

#### ग्रामीण महिलाओं का आक्रोश चरम पर

महिलाओं ने हाथों में सूखी और सड़ी हुई सोयाबीन की फसल उठाकर अधिकारियों की आंखें खोलने का प्रयास किया। उनका कहना है कि यह सिर्फ एक फसल का सवाल नहीं, बल्कि उनके बच्चों की रोटी और भविष्य का सवाल है। आंदोलन तेज़ हो रहा है और महिलाएं बीमा मुआवजा मिलने तक पीछे हटने को तैयार नहीं हैं।

## रेलवे स्टेशन के सामने की दुकानों का अतिक्रमण हटाया



**हरदा।** एसडीएम अशोक डेहरिया के नेतृत्व में बुधवार को राजस्व व नगर पालिका के दल ने रेलवे स्टेशन के सामने की सड़क पर सभी दुकानों का अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। इस दौरान तहसीलदार राजेंद्र पंवार व मुख्य नगर पालिका अधिकारी कमलेश पाटीदार सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## अधिक किराया वसूलने पर यात्री बसों पर की गई चालानी कार्रवाई




**हरदा।** जिले के विभिन्न मार्गों पर विशेष चेकिंग अभियान आयोजित कर वाहनों को चेक किया जा रहा है। जिला परिवहन अधिकारी राकेश अहाके ने बताया कि चेकिंग अभियान के दौरान बकाया कर, बिना पंजीयन, अस्पष्ट रूप से पंजीयन क्रमांक अंकित होने, बिना बीमा, बिना पीयूसी, बिना फिटनेस और बिना परमिट के संचालित यात्री बस, स्कूल बस, ऑटो रिक्शा एवं लोडिंग वाहन, डम्पर वाहनों की चेंकिग की जा रही है। इसी क्रम में यात्रियों से अधिक किराया वसूल करने पर लाहिया एवं यादव बस ट्रेवल्स की बसों पर चालानी कार्यवाही की गई। चेकिंग के दौरान मोटरयान अधिनियमों का उल्लंघन करने पर 5500 रूपये शमन शुल्क वसूल किया गया। इस दौरान वाहन चालकों को नियमों का पालन करते हुए वाहन संचालन की हिदायत दी गई।

## भोपाल से अपना इलाज कराकर घर लौट रहा था परिवार, तजपुरा-कोठरा रपटे में डूबी कार

### पानी में कार को डूबता देख कार के छत पर बैठ मां, बेटे व ड्राइवर का किया रेस्क्यू

**भैरुंदा।** सोमवार को रात के दौरान भैरुंदा निवासी अग्रवाल समाज का परिवार भोपाल से घर लौटते समय रात के करीब 9.30 बजे ग्राम ताजपुरा, कोठरा के बीच रपटे पर पानी होने से कार बीच रपटे से फंस गई। कार में सावर मां ,बेटे और ड्राइवर ने अपनी जान कार की छत के ऊपर बैठकर बचाई। मौके पर स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी।। सूचना पर भैरुंदा पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से तीनों को सुरक्षित बाहर निकाला। वहीं टैक्टर की मदद से पानी में डूब रही कार को भी बाहर निकाला।



मिली जानकारी अनुसार भैरूंदा निवासी नीलकंठ रोड पर अनुज अग्रवाल, उनकी मां कृष्णा अग्रवाल का ईलाज कराने भोपाल किराए की गाड़ी लेकर गए हुए थे। भोपाल से वापस कोलार रोड से होते हुए घर लौट रहे थे। तभी ताजपुरा से होते हुए घर आना था। अचानक रास्ता भूले दूसरे रास्ते में तजपुरा , कोठरा बीच नाले के ऊपर करीबन 3 फूट पानी तेज़ बहाव में पानी दौड़ रहा था। ड्राइवर को लगा छोटा रपटा है, कम पानी होंगा। कार पानी में उतार दी इस दौरान कार आधा रपटा भी पार नहीं कर सकी बीच रपटे में फंस गई। पानी के तेज बहाव और रपटे पर 3फूट पानी होने कारण कार डूबता देख कार में सावर मा ,बैठे, सहित ड्राइवर कार की छत पर जाकर बैठ गए। ऐसे तीनों ने अपनी जान बचाई।

वहीं तीनों ने आवाजें लगना शुरू किया जैसे तैसे स्थानीय लोगों आवाज सुनाई दी मौके पर पहुंचे, जिसकी पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस की टीम और स्थानीय लोगों की मदद ट्रैक्टर पर बैठाकर तीनों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। वहीं कार को भी बाहर निकाला। थाना प्रभारी घनश्याम सिंह दांगी ने बताया सोमवार 18अगस्त को रात के करीबन 9.45 बजे फोन के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि तजपुरा – कोटरा के बीच रपटे पर भैरूंदा के तीन लोग फोर व्हीलर गाडी सहित पानी मे फंसे हुए है, जो गाड़ी की छत पर बैठे हुए हैं। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला, अति पुलिस अधीक्षक सीहोर एवं एसडीओपी भैरूंदा को सूचना दी जाकर निर्देशन प्राप्त हुआ। भैरूंदा थाने से प्रधान आरक्षक दिनेश जाट, आरक्षक सतेन्द्र दोहरे,100 डायल मय स्टाफ (आरक्षक विपिन जाट, चालक नरेन्द्र) को घटना स्थल पर तत्काल रवाना किया जिन्होने तत्काल मौके पर पहुँचकर स्थानीय लोगों की मदद से रपटे पर फंसे अनुज अग्रवाल, कृष्णा अग्रवाल निवासी भैरुंदा वहीं वाहन चालक कन्हैयालाल महेश्वरी निवासी बोरखेडा कला व वाहन को सकुशल बाहर निकाला। ग्रामीणों एवं अग्रवाल परिवार द्वारा पुलिस की तत्परतापूर्वक की गई कार्यवाही की सराहना की हैं।

### कृषि विभाग की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

## सभी किसानों को सुगमता पूर्वक उर्वरक उपलब्ध कराएं: कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

सभी किसानों को सुगमता पूर्वक उर्वरक उपलब्ध कराएं। किसी भी किसान को परेशानी न हो। किसानों को उनकी आवश्यकता अनुसार उर्वरक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। यह निर्देश कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने बुधवार को कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित कृषि विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों व डीलर्स को दिये। बैठक में उप संचालक कृषि जे.एल. कास्दे, जिला विपणन अधिकारी योगेश मालवीय, सहायक आयुक्त सहकारिता बासुदेव भदोरिया, कृषि आदान वितरण संघ के अध्यक्ष श्याम माहेश्वरी सहित अधिकारी कर्मचारी व एजेन्सियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। कलेक्टर श्री जैन ने बैठक में निर्देश दिये कि सभी किसानों को उनकी आवश्यकता अनुसार खाद उपलब्ध कराई जाए। जिले में उर्वरक की कोई कमी नहीं है। उन्होने अधिकारियों को डीएपी के विकल्प के प्रचार प्रसार के लिये आधार केन्द्रों पर फ्लेक्स लगाने के निर्देश भी दिये। उन्होने कहा कि किसानों को उपलब्ध कराई गई उर्वरक की एन्ट्री उनकी ऋण पुस्तिका में अवश्य करें। इस दौरान उन्होने विक्रेताओं से रबी फसल के लिए सुझाव भी लिए।

## चारूवा के रोजगार मेले में 48 युवाओं का प्राथमिक चयन हुआ




**हरदा।** म.प्र.डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन हरदा द्वारा ग्रामीण बेरोजगार युवक युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को ग्राम पंचायत भवन चारूवा में रोजगार मेला आयोजित किया गया। रोजगार मेले में विभिन्न कंपनियों द्वारा ऑनलाइन उपस्थित रहकर युवाओं का चयन किया गया। रोजगार मेले में 65 बेरोजगार युवक युवतियों ने अपना पंजीयन कराया, जिसमे से 48 युवकों को विभिन्न कंपनियों व संस्थाओं द्वारा रोजगार एवं प्रशिक्षण के लिए चयनित किया गया। रोजगार मेले में जनपद अध्यक्ष रानू दशरथ पटेल, सरपंच माकन सोलंकी, जिला रोजगार अधिकारी लक्ष्मण सिलोटे एवं म.प्र.डे. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जिला प्रबंधक राधेश्याम जाट, प्रभारी विकासखंड प्रबंधक संतोष वास्केल एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## सतर्कता ही साइबर अपराध से बचाव का कारगर हथियार है: कलेक्टर बालागुरू के.




**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में सायबर सुरक्षा को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की मध्यप्रदेश कम्प्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम (एमपीसर्ट) के विशेषज्ञों द्वारा साइबर खतरों, सुरक्षा और सरकारी विभागों के डाटा और अपने निजी डाटा को सुरक्षित करने के बारे में विस्तार ने जानकारी दी।

कार्यशाला में कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि वर्तमान समय में सरकारी कामकाज में इंटरनेट और डिजिटल तकनीक अब हमारी जीवनशैली का महत्वपूर्ण अंग बन चुकी है। मोबाइल, इंटरनेट, डिजिटल भुगतान, ऑनलाइन शिक्षा और सोशल मीडिया, ये सब अब दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। लेकिन डिजिटल सुविधाओं के साथ साइबर खतरे भी तेजी से बढ़े हैं। हमें जो डिजिटल सुविधा मिलती हैं, वह कभी-कभी चुनौती बन जाती हैं। सायबर अटैक, डिजिटल फ्रॉड और डिजिटल अरेस्ट जैसी कई घटनाएं सामाजिक और आर्थिक रूप से नुकसान पहुंचा सकती हैं। ऐसी स्थिति में प्रत्येक ऑनलाइन उपयोगकर्ता के लिए जरूरी है कि वह बहुत ही सावधानी और सतर्कता के साथ इन माध्यमों का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि सावधानी में ही सुरक्षा है। इसके साथ ही समय समय पर शासन की अधिकृत संस्थाओं द्वारा जारी की जाने वाली एडवाइजरी का पालन करें।

कार्यशाला में बताया गया कि सायबर सुरक्षा कंप्यूटर, नेटवर्क, प्रोग्राम और डेटा को डिजिटल हमलों, चोरी, क्षति या अनाधिकृत पहुंच से बचाने के लिए विभिन्न उपाय, तकनीकियाँ और रणनीतियां शामिल हैं, जिनका उपयोग संवेदनशील जानकारी की सुरक्षा, डेटा सुरक्षा, गोपनीयता और उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए किया जाता है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा मध्यप्रदेश कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम MP-CERT का गठन 14 दिसम्बर 2022 को किया गया है। यह टीम राज्य स्तर पर साइबर सुरक्षा के मुद्दों पर त्वरित प्रतिक्रिया देने और रोकथाम के उपायों को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। टीम साइबर हमलों के प्रति जागरूकता का प्रसार करने के साथ ही नागरिकों, सरकारी एजेंसियों और अन्य संस्थाओं को सुरक्षा संबंधी सलाह प्रदान करती है। कार्यशाला में एमपी-सर्ट के प्रमुख सलाहकार अंबर पांडे, विधिक सलाहकार योगेश पंडित, मुकुंद सिंह सोलंकी, कुमारी प्रियंका गोस्वामी ने पीपीटी के माध्यम से तकनीकी जानकारी दी।

## एक दिन में 3 अलग अलग मामलों में मौत जांच में जुटी पुलिस

**हरदा।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र की फॉरेस्ट कॉलोनी में 50 साल के मंशाराम राठौर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजन घर से बाहर गए हुए थे और वह अकेले थे। सुबह उनका शव घर में मिला। डॉक्टरों ने बताया कि उनके दाएं हाथ की उंगली कटी हुई थी और हाथ-पैर की उंगलियां काली पड़ गई थीं। परिवार के लोगों ने बताया, मंशाराम को शराब पीने की आदत थी। तीन दिनों से उन्होंने खाना नहीं खाया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

दूसरी घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के दूध डेयरी इलाके की है। यहां रहने वाले 50 साल के नन्हू नायक, जो हलवाई का काम करते थे। बुधवार सुबह सल्फॉस खा लिया। उन्हें तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान सुबह 8 बजे मौत हो गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। तीसरा मामला देवास के खातेगांव क्षेत्र का है। पाडिया देह टप्पर गांव की रहने वाली 16 साल की अनीता मालवीय ने मंगलवार को सल्फस खा लिया। उसकी तबीयत बिगड़ने पर पहले निजी डॉक्टर से इलाज कराया गया, लेकिन देर रात हालत और खराब हो गई। परिवार उसे खातेगांव अस्पताल और फिर हरदा जिला अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही मौत हो गई। लड़की 12वीं की छात्रा थी।

## विद्यालयों में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित




**हरदा।** बुधवार को स्वामी विवेकानंद हायर सेकण्ड्री स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर गुलजार भवन, शासकीय प्राथमिक शाला खेड़ीपुरा एवं शासकीय माध्यमिक शाला खेडीपुरा हरदा में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित न्यायाधीश व सचिव चंद्रशेखर राठौर ने बताया कि शिविर के आयोजन का उद्देश्य बच्चों के अधिकारों के बारे में लोगों को शिक्षित करना और बच्चों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने के लिए किया गया है। उन्होने इस दौरान विद्यार्थियों को नालसा मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा योजना के तहत पॉक्सो एक्ट, पॉक्सो रूल्स तथा प्रतिकर से संबंधित अन्य कानूनी प्रावधानों एवं मध्यप्रदेश अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना, नालसा लैंगिक हमलों व अन्य अपराधों की पीड़िताओं व सर्वाईवर्स महिलाओं के लिए प्रतिकर योजना, की जानकारी दी। उनके द्वारा नालसा की संवाद योजना आदिवासी विद्यार्थियों को उनके विधिक अधिकारों के बारे में भी जानकारी दी गई।

शिविर में उन्होने बच्चों को नालसा की डॉन योजना के अंतर्गत नशे से होने वाली शारिरिक, मानसिक व आर्थिक क्षति के बारे में भी जानकारी दी। उन्होने बताया कि आमजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हरदा या अन्य विधिक सेवा संस्थान में उपस्थित होकर अथवा पत्र के माध्यम से या नालसा पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर अथवा 15100 पर कॉल कर विधिक सहायता आसानी से प्राप्त कर सकते है। कानूनी मामलों में विविध सलाह एवं परामर्श विधिक परामर्श केन्द्र से पूर्णतः निःशुल्क है। शिविर में अनीस मोहम्मद खान, विद्यालय के छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण तथा पैरालीगल वॉलेंटियर्स सुरेन्द्र कौर, ज्योति तिवारी उपस्थित रहे।

## तीन आरोपियों को 10-10 साल का कारावास व अर्थदंड

**हरदा।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की कार्रवाई में पकड़े गए गांजा तस्करों को सजा मिली है। विशेष न्यायालय ने तीन आरोपियों को 10-10 साल का कारावास और एक-एक लाख रुपए का अर्थदंड सुनाया है।

मामला दिसंबर 2020 का है। एनसीबी की इंदौर इकाई को सूचना मिली थी कि चार लोग आंध्रप्रदेश से गांजा लेकर शुजालपुर जा रहे हैं। इस पर एनसीबी की टीम ने कत्रौद के पास एनएच 47 पर एक सफेद कार को रोका। तलाशी में कार से 80.351 किलो गांजा बरामद हुआ।

पकड़े गए आरोपियों में कमरूद्दीन खान और इमरान खान शाजापुर के डाबरी गांव के रहने वाले हैं। वहीं ओमप्रकाश जाटव और राधेश्याम शुजालपुर के निवासी हैं। पुलिस ने सभी को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया। न्यायालय में सुनवाई के दौरान ओमप्रकाश जाटव अनुपस्थित रहा, जिसे फरार घोषित किया गया। बाकी तीनों आरोपियों को दोषी पाया गया। अर्थदंड न चुकाने पर आरोपियों को 6 महीने का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।